देश की लोकप्रिय मासिक हिन्दी खेल पत्रिका
NST नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स
शानदार 33वां वर्ष

# नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

अगस्त-2026, अंक-2 स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं न्यूज़ मैग्जीन मूल्य ₹25




## फीफा विश्व कप फुटबाल 2026

## स्पेन बना दूसरी बार चैंपियन



**मेलबोर्न के हीरो अजिंक्य रहाणे ने क्रिकेट से लिया संन्यास**

**148 करोड़ सपने, पर विश्व कप फुटबाल में खाता भी नहीं खुला**

**क्या भारत की महिला टीम का कप्तान बदलने का सही वक्त आ गया है?**

FIH
HOCKEY WORLD CUP
BELGIUM & NETHERLANDS
2026
15 – 30 AUGUST 2026




## 51 साल का इंतजार भारत है तैयार

## नई दिल्ली में कौन बनेगा विश्व विजेता?

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 स्पेशल

## भारत ने ग्लासगो में दिखाई अपनी ताकत



## अलविदा ग्लास्गो, अहमदाबाद में फिर मिलेंगे

आरएनआई नंबर: 69917/94 डाक पंजीयन म.प्र. / भोपाल / 607 / 2024-26 / 4 तारीख को प्रकाशित / डाक पोस्टिंग 5 तारीख
Email: nationalsportstimes@yahoo.com, nationalsportstimes@gmail.com Website: nationalsportstimes.org

पंजीयन संख्या (आरएनआई): 69917/94, डाक पंजी. न. मप्र/भोपाल/607/2024-26

■ वर्ष-33 ■ अंक-2 ■ क्रमांक-310 ■ अगस्त-2026 ■ मूल्य-25 रूपये

नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

## संपादकीय मंडल

| | | |
|---|---|---|
| प्रधान संपादक | : | इन्द्रजीत मौर्य |
| प्रबंध संपादक | : | सुरेश कुमार |
| प्रबंधक | : | मयूरी मौर्य |
| विज्ञापन प्रबंधक | : | अजय मौर्य |
| विज्ञापन सहायक | : | रामेश्वर भार्गव |
| डिजाइनिंग | : | सुरेन्द्र डहरे |
| फोटो जर्नलिस्ट | : | मनीष शुक्ला |
| कार्टूनिस्ट | : | वीरेंद्र कुमार ओगले |

## सलाहकार संपादक

- अरुणेश्वर सिंहदेव
- समीर मिरीकर
- अरुण भगोलीवाल
- सुशील सिंह ठाकुर
- आशीष पाण्डे
- राजीव सक्सेना
- शांति कुमार जैन
- शंकर मूर्ति

## विशेष संवाददाता / समीक्षक

हरेंद्र नागेश साहू, हरीश हर्ष, चरनपालसिंह सोबती, वीरेन्द्र शुक्ल, सरिता अरगरे, मोहन द्विवेदी, मोहम्मद ईशाउद्दीन, धर्मेश यशलाहा, दामोदर आर्य, डॉ. मुनीष राणा, प्रशांत सेंगर, सुदेश सांगते, डॉ. प्रशांत मिश्रा, विजय रांगणेकर, अनुराग मिश्रा, अमरनाथ, मो. अफरोज, दीपक शर्मा, आत्माराम भाटी।

## संपादकीय कार्यालय

बी-10, छत्रपति नगर, अयोध्या बायपास, भोपाल
फोन : 0755-4218892,
मोबाइलः 094250-25727, 8349994166

**पंजीयन कार्यालय :** ई-197, ओल्ड मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, भोपाल, मप्र-462023,

E-Mail: nationalsportstimes@Yahoo.com
nationalsportstimes@gmail.com

फोटो स्रोतः इंटरनेट, सोशल मीडिया, अखबार एवं ब्यूरो कार्यालय

## ब्यूरो कार्यालय

इंदौर, उज्जैन, नागदा, देवास, सीहोर, विदिशा, रायसेन, बुरहानपुर, धार, जबलपुर, ग्वालियर, दतिया, रीवा, सतना, खण्डवा, खरगोन, शहडोल, छिंदवाड़ा, सागर, छतरपुर, होशंगाबाद, बैतूल, इटारसी, रतलाम, शिवपुरी, ललितपुर, झाँसी, नागपुर, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, मुंबई, रत्नागिरी, कोलहापुर, पूना, जलगाँव, दिल्ली, नोएडा, हरियाणा, लुधियाना, जालंधर, मेरठ, लखनऊ, कानपुर, इलाहाबाद, गोरखपुर, मिर्जापुर, जयपुर, पटना, नैनीताल, देहरादून, कुमाऊ, गाजियाबाद, एंगुल (उड़ीसा), ऊना, शिमला, भुवनेश्वर।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक इन्द्रजीत मौर्य द्वारा सुलेख आफसेट प्लाट नं. 150, एल-5, मनोरमा काम्प्लेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल से मुद्रित तथा ई-197, मीनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, राज होम्स कॉलोनी, भोपाल से प्रकाशित। संपादक इन्द्रजीत मौर्य।

खेल पत्रिका में प्रकाशित लेखों की जिम्मेदारी लेखक की है। प्रकाशक एवं संपादक का लेखक से सहमत होना अनिवार्य नहीं है। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा।




23 बड़ी उपलब्धि

## अनाहत बनीं विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय बेटी

## अंदर के पन्नों पर

| | |
|---|---|
| 17 साल बाद इतिहास रचेगा भारत | 07 |
| विश्व कप पुरुष हॉकी विशेष | 13-22 |
| सिनर लगातार दूसरी बार बनीं चैंपियन | 26 |
| सिंधु की ऐतिहासिक जीत | 27 |
| खेलों के लिए 36441 करोड़ का बजट | 28 |
| विश्व बैडमिंटन (सेंटर पेज) | 30-31 |
| विश्व कप फुटबाल | 34-44 |
| नहीं रहे क्रिकेट के महानायक | 45 |
| भारत का जिम्बाब्वे दौरा | 46 |
| लाड्र्स में भारत बना विजेता | 49 |
| भारतीय क्रिकेट के लिए आत्ममंथन | 51 |
| खेल मध्यप्रदेश | 58 |

**Website: www.nationalsportstimes.org**

देश की लोकप्रिय मासिक हिन्दी खेल पत्रिका

# नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

आज ही अपनी प्रति बुक कराएं...







नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स

**घर बैठे कैसे पाएं**

आपको सिर्फ इतना करना है कि आप इस कूपन को भरकर भेजें और नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स खुद चलकर आपके घर दस्तक देगा।

मैं .................................... नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स का वार्षिक सदस्य बनना चाहता/चाहती हूं। वार्षिक शुल्क 300 रुपए, दो वर्ष के लिए 600 रुपए (50 रुपए की छूट), तीन वर्ष के लिए 900 रुपए (80 रुपए की छूट), पांच वर्ष के लिए 1500 रुपए (100 रुपए की छूट) एवं आजीवन सदस्यता 15,000 रुपए मनीआर्डर या नगद ................ से भेज रहा हूं।

पूरा पता ..............................................................

..........................................................................

मो. ............................ ईमेल...................................

**नोटः** *मनीऑर्डर या नगद राशि नेशनल स्पोर्ट्स टाइम्स के नाम से भेजें। *आपकी सदस्यता राशि प्राप्त होने के अगले माह से पत्रिका के अंक नियमित रूप से भिजवाए जाएंगे। *पत्रिका केवल डाक द्वारा ही भेजी जाएगी। *किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय होगा।

पत्रिका प्राप्त करने के लिए इस पते पर संपर्क करें: ई-197, ओल्ड मीनाल रेसीडेंस, जेके रोड, भोपाल-462023 (मप्र)

E-Mail: nationalsportstimes@yahoo.com
nationalsportstimes@gmail.com

फोनः 0755-4218892, मोबाइलः 09425025727

मेरी बात...



इन्द्रजीत मौर्य
प्रधान संपादक

# मेलबोर्न के हीरो अजिंक्य रहाणे ने क्रिकेट से लिया संन्यास

**भारत** के अनुभवी बल्लेबाज और 2020-21 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में टीम इंडिया को ऐतिहासिक जीत दिलाने वाले अजिंक्य रहाणे ने 30 जुलाई को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास की घोषणा कर दी। वह अब इंडियन प्रीमियर लीग में भी खेलते नहीं दिखाई देंगे। पिछले सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान थे। रहाणे ने साफ कहा कि वो क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास ले रहे हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट किया और संन्यास का एलान किया। रहाणे को मेलबर्न का हीरो इसलिए कहा जाता है क्योंकि उन्होंने 2020-21 ट्रॉफी के दौरान वहां ऐतिहासिक शतक लगाया था और आत्मविश्वास खो चुके भारतीय खिलाड़ियों में फिर से जोश भर दिया था। इसके बाद भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को उनके घर में टेस्ट सीरीज में शिकस्त दी थी।



रहाणे के इंटरनेशनल क्रिकेट करियर का शुरुआत साल 2011 में हुई थी और उन्होंने भारत के लिए आखिरी मैच साल 2023 में खेला था। इसके बाद से वो भारतीय टीम से बाहर चल रहे थे। रहाणे का इंटरनेशनल क्रिकेट करियर अच्छा रहा और उन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व टेस्ट, वनडे व टी20 सभी प्रारूपों में किया था। उन्होंने भारत के लिए खेले 85 टेस्ट मैचों में 5077 रन बनाए थे जिसमें 12 शतक और 26 अर्धशतक शामिल थे साथ ही क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में उनका बेस्ट स्कोर 188 रन रहा था। वनडे में उन्होंने भारत के लिए खेले 90 मैचों मेमं 2962 रन बनाए थे जिसमें 3 शतक और 24 अर्धशतक भी शामिल थे साथ ही उनका बेस्ट स्कोर वनडे प्रारूप में 111 रन रहा था। वहीं 20 टी20 मैचों में उन्होंने 375 रन एक अर्धशतक की मदद से बनाए थे और बेस्ट स्कोर 61 रन था। क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में उन्होंने भारत के लिए कुल 8,414 रन बनाए थे।

रहाणे ने भारत के लिए 6 टेस्ट मैचों में कप्तानी की थी और इसमें से उन्हें 4 मैचों में जीत मिली थी जबकि 2 मैच ड्रॉ रहे थे। रहाणे की कप्तानी में भारत ने साल 2021 में ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती थी जो अपने-आप में ऐतिहासिक था। इस दौरे पर रहाणे ने विराट कोहली की जगह टीम की कप्तानी की थी। यही नहीं उन्होंने साल 2017 में भारत में खेले गए बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज का चौथा मैच भी अपनी कप्तानी में जीता था। रहाणे कभी टीम के रेगुलर कप्तान नहीं रहे, लेकिन उन्हें जब भी कप्तानी का मौका मिला उन्होंने खुद को साबित किया और टीम को आगे ले जाने में बड़ी भूमिका निभाई।

रहाणे ने रिटायरमेंट का ऐलान करते हुए कहा कि जिंदगी की सच्चाई यही है कि हर चीज की शुरुआत होती है और उसका अंत भी। जब सही समय आता है तो आपको बस उसका सम्मान करना होता है और आगे बढ़ना होता है। मैंने अपनी बैटिंग में हमेशा टाइमिंग पर भरोसा किया है और इसके महत्व को समझा है। मुझे लगता है कि अब आगे बढ़ने और इंटरनेशनल क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से रिटायरमेंट की घोषणा करने का सही समय आ गया है। उन शुरुआती दिनों से जब मैं एक युवा लड़के के तौर पर सिर्फ प्रैक्टिस के लिए डोंबिवली से यात्रा करता था, मैंने इस खेल को अपना सब कुछ दिया। हर दिन, हर पारी, बैटिंग के हर मौके पर, मेरा सपना हमेशा इंडिया की कैप पहनना ही रहा। मैंने एक साधारण नियम का पालन किया। हमेशा अपने देश और अपनी टीम को खुद से ऊपर रखा। मैंने पूरी ईमानदारी से यह खेल खेला और मेरा हमेशा से यह मानना रहा है कि अगर आपकी नीयत साफ है तो खेल हमेशा आपका ख्याल रखेगा। अजिंक्य रहाणे ने अपनी क्रिकेट यात्रा के दौरान साथ देने के लिए बीसीसीआई, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन, अपने साथियों, कोचों, आईपीएल फ्रेंचाइजी, पत्नी राधिका, परिवार, दोस्तों और फैंस का शुक्रिया अदा किया। रहाणे का करियर बहुत लंबा तो नहीं रहा, लेकिन उन्होंने जितनी भी क्रिकेट खेली दम लगाकर खेली।

## विशेष विश्व बैडमिंटन : 17 साल बाद इतिहास रचेगा भारत, मैस्कॉट और एंथम लॉन्च

**राष्ट्रीय** राजधानी नई दिल्ली में होने जा रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2026 के लिए दुनिया भर के शटलर भारत में जौहर दिखाने के लिए तैयार है। इसी कड़ी में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने हाल ही में टूर्नामेंट के आधिकारिक मैस्कॉट 'पीको' और चैंपियनशिप एंथम का अनावरण किया। इस मौके पर बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) के अध्यक्ष और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी मौजूद रहे। 17 से 23 अगस्त के बीच इंदिरा गांधी स्टेडियम में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए तैयार किए गए आधिकारिक मैस्कॉट 'पीको' को भारत के राष्ट्रीय पक्षी मोर से प्रेरित होकर बनाया गया है। इसके परिधान का डिजाइन शटलकॉक की आकृति से प्रेरित है।



चैंपियनशिप के आधिकारिक एंथम में भारत की 16 सदस्यीय टीम को शामिल किया गया है। इसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी समेत सभी खिलाड़ी नजर आएंगे। कार्यक्रम में खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा कि भारत तेजी से एक खेल महाशक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 17 साल बाद बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप का भारत लौटना एक बड़ी उपलब्धि है, जिससे खिलाड़ियों को घरेलू मैदान पर खेलने का मौका मिलेगा और दुनिया के सामने भारत की आयोजन क्षमता भी प्रदर्शित होगी। विश्व चैंपियनशिप के 30वें संस्करण में 50 से अधिक देशों के 400 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। भारत की चुनौती की अगुवाई पांच बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता पीवी सिंधु करेंगी। अगर वह इस बार भी पदक जीतती हैं तो टूर्नामेंट के इतिहास की सबसे सफल पदक विजेता बन जाएंगी। - प्रस्तुति धर्मेश यशहला